तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शनिवार 1 मार्च 2025

राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर



13 प्रतिभाओं की कमी नहीं, सही मंच की जरूरत : लोकेश्वरी




13 ज्ञान का दान है सर्वश्रेष्ठ दान : नारायण निषाद




प्रेम इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इलेक्ट्रिकल्स, श्याम नगर
एक ही छत के नीचे सभी सामान उपलब्ध
इलेक्ट्रॉनिक्स | इलेक्ट्रिकल्स | फर्नीचर्स, आलमारी | प्लंम्बिंग | सेनेटरी
नोट : (1) हमारे यहां आप सभी के बजट के हिसाब से शादी का समान उपलब्ध है। (2) फायनेंस सुविधा उपलब्ध है।
प्रेम - 7000252953, सुनील - 9399740085



।।जय बुढ़ादेव।।
गुलशन रेफ्रिजरेशन
घर पहुंच सेवा उपलब्ध
एसी | फ्रिज | वाटर कुलर
पानी फिल्टर मशीन | डिस्पेंशर
रिपेयरिंग के लिए संपर्क करें
प्रो. संतोष कुमार ध्रुव
मो.: 9171501321
पता : करचाली रानीपरतेवा (छुरा)



आयुष्मान हॉस्पिटल
नर्सिंग स्टाफ 25 पद
योग्यता B.SC Nursing ANM. GNM. MPHW
फ्रेशर एवं एक्सपीरिएंस
नर्सिंग इंचार्ज 5 पद
योग्यता B.Sc Nursing MSC Nursing G.N.M. Nursing BAMS, BHMS
अनुभव कम से कम 2 से 3 वर्ष
MBA & IT स्टाफ 5 पद
MBA 20k+ Salary
फार्मेसी स्टाफ 5 पद
योग्यता B. Pharma D. Pharma
वार्ड बाय/गर्ल 20 पद
योग्यता 12 th Pass
संपर्क: साई मंदिर, कुर्रा


## सियासत : ग्राम पंचायतों में उपसरपंच के लिए हो रही लामबंदी

# राजिम नगर पंचायत में भाजपा उपाध्यक्ष तय नवापारा नगर पालिका में चल रही जोड़-तोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

11 सदस्यीय जिला पंचायत एवं 24 सदस्यीय राजिम-फिंगेश्वर जनपद में भारतीय जनता पार्टी का अध्यक्ष बनना तय है। क्योंकि स्पष्ट बहुमत भी भाजपा के पक्ष में है। हालांकि सुरक्षा के दृष्टिकोण से भाजपा समर्थित सभी 7 जिला पंचायत सदस्य एवं लगभग 18 जनपद सदस्य सैर-सपाटे में निकल गए है। ये सभी सदस्य कहां-कहां घूम रहे है ये किसी को नही मालूम? इनके बारे में इतना ही पता चला है कि जिस दिन अध्यक्ष,उपाध्यक्ष का चुनाव होगा उसी दिन समय से पहले प्रकट हो जाएंगे। बहरहाल जो सदस्य सैर-सपाटे में बाहर घुमने चले गए है उनके बारे में परिवार के लोग भी बताने में असमर्थता जाहिर कर रहे है। मोबाईल उनका बंद बताया जा रहा है। ईधर यही हाल नगर पंचायत राजिम एवं नगर पालिका नवापारा का भी है। अध्यक्ष चुनाव तो हो गया है परंतु उपाध्यक्ष पद के लिए जोड़-तोड़ की कोशिसे जारी है। नगर पंचायत राजिम में भाजपा का अध्यक्ष चुनकर आ गया है वहीं भाजपा का यहां स्पष्ट बहुमत है। 15 सदस्यीय नगर पंचायत में 10 भाजपा पार्षद चुनकर आए है जबकि कांग्रेस के 3 और 2 निर्दलीय पार्षद। बात यदि नवापारा नगर पालिका की करे तो यहां भी अध्यक्ष भाजपा के बन चुके है जबकि 21 सदस्यीय पालिका में दोनों दल कांग्रेस और भाजपा के 9-9 पार्षद तथा 3 निर्दलीय पार्षद चुनकर आए है। उपाध्यक्ष पद के लिए नवापारा में दोनों दल में जोर आजमाईस भीतर ही भीतर चल रहा है। ग्रामीण ईलाके की बात करें तो सभी ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं पंच चुनकर आ चुके हैं। अब हरेक ग्रामपंचायत में उपसरपंच बनने के लिए गुणा-भाग चल रहा है। पंचायत चुनाव हालांकि दलीय आधार पर नहीं हुए है परंतु हरेक गांव में कांग्रेस-और भाजपा के बीच से ही पंच चुने गए है जो स्पष्ट नजर आ रहा है।

- जिला व जनपद सदस्य निकले सैर-सपाटे पर, जिला और फिंगेश्वर जनपद में अध्यक्ष भाजपा का बनना तय




### एक से अधिक लोग उपसरपंच बनने मैदान पर

उपसरपंच बनने के लिए इन्ही चुने हुए पंचों के बीच से ही उम्मीदवार तय होगा। अतएव पंचों को मनाने के लिए एक बार फिर उपसरपंच बनने के लालायित प्रत्याशियों को न केवल हाथ-पांव जोड़ना पड़ रहा है बल्कि फुल-पान चढ़ाने की भी बात सामने आ रही है। पंचों के रेट भी कई गांवों में बढ़ा हुआ है। ये पंच अपने वोट की कीमत समझ चुके है। कई गांव में सेटिंग हो चुका है तो कई ऐसे भी गांव है जहां एक से अधिक लोग उपसरपंच बनने के लिए मैदान में आ गए हैं। उल्लेखनीय है कि अभी नगरीय निकाय और पंचायतो में उपाध्यक्ष/उपसरपंच के चुनाव की तारीख नहीं आई है। शहर की बनिस्बद ग्रामीण अंचल में उपसरपंच पद के लिए माहोल गरम हो गया है।

# मॉल की तर्ज पर अब सप्ताह में सातों दिन खोल सकेंगे दुकान



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राज्य शासन में छोटे दुकानदारों को राहत देने एवं कर्मचारियों के अधिकारों को ध्यान में रखते हुए दुकान एवं स्थापना अधिनियम में बदलाव किया है। नियोजन एवं सेवा शर्तों में अहम बदलाव के अंतर्गत अब दुकानदार सप्ताह में सभी दिन दुकान खुली रख सकेंगे। समय की बाध्यता भी खत्म कर दी गई है। अब दुकानदार 24 घंटे दुकान खुली रख सकेंगे। बशर्ते कर्मचारियों को सप्ताह में एक दिन अवकाश देना अनिवार्य होगा। पुराने नियम के अनुसार सप्ताह में एक दिन दुकान बंद रखने की बाध्यता थी। नए नियम के अनुसार महिला कर्मचारियों को कुछ सुरक्षा शर्तों के साथ रात में काम करने दिया जाएगा। श्रम विभाग के अनुसार नए नियम पूरे राज्य में लागू होगा जबकि पुराना नियम नगरीय निकाय में ही लागू था। नया कानून केवल 10 या 10 से अधिक कर्मचारी वाली दुकानों और स्थापनाओं पर ही लागू होगा पहले बिना किसी कर्मचारी के भी सभी दुकानें अधिनियम के दायरे में आती थी। इस बदलाव से छोटे एवं मंझोले दुकान के लिए लाभप्रद होगा।

### पंजीयन शुल्क में बढ़ोतरी

नए नियम के अनुसार दुकान और स्थापना के पंजीयन शुल्क कर्मचारियों की संख्या के आधार पर निर्धारित होगी। न्यूनतम शुल्क 1000 एवं अधिकतम शुल्क 10000 होगी। पहले यह शुल्क 100 रुपए से 250 रुपए तक था। वही श्रम निरीक्षकों के पदनाम एवं कार्यों को बदलाव गया है। निरीक्षकों की जगह अब फैसिलिटेटर नियुक्त होंगे जो व्यापारियों एवं नियोजकों को मार्गदर्शन देंगे। मॉल के तर्ज पर खुली रख सकते है दुकान विगत कुछ वर्षों से दुकानदारों की शिकायत थी कि माल एवं सुपरमार्केट के लिए दिन एवं समय की बाध्यता नहीं रखी गई है। माल सप्ताह में सातों दिन एवं देर रात तक खुली रहती है। जबकि छोटे एवं मंझोले दुकानों के लिए सप्ताह में एक दिन बंद करना अनिवार्य किया गया था एवं समय का भी बंधन रखा गया था। दुकानदारों की इस शिकायत पर गौर करते हुए राज्य शासन ने छोटे दुकानदारों के लिए राहत भरा फैसला दिया है। जिसका लाभ प्रदेश के सभी दुकानदारों को मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### पूर्व सांसद चंदूलाल आज ठेठवार यादव समाज के कार्यक्रम में होंगे शामिल



**राजिम।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद चंदूलाल साहू का 1 मार्च को व्यस्त कार्यक्रम है। जानकारी अनुसार आज जन्मदिवस के अवसर पर सुबह 8 बजे गायत्री प्रज्ञा पीठ राजिम में हवन पूजन कार्यक्रम होगा। यहां से वे 9 बजे भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर जाकर पूजा अर्चना करेंगे। सुबह 10 बजे से वे भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आमजनों तथा अपने शुभचिंतकों व मित्रों से भेंट मुलाकात करेंगे। दोपहर 2 बजे गायत्री मंदिर में पेंशनर समाज द्वारा आयोजित जन्मदिवस सम्मान कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 5 बजे नगर पंचायत कोपरा में आयोजित जन्मदिवस सम्मान समारोह एवं ठेठवार यादव समाज राजिम राज के वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### प्रज्ञा भारती का शिव महापुराण कथा जारी



**राजिम।** नवयुवक मंडल एवं लोहरसी ग्रामवासियों के सहयोग से सरगी नदी किनारे दीदी मां प्रज्ञा भारती के मुखारविंद से श्री शिवमहापुराण कथा का आयोजन 26 फरवरी से हो रहा है जो 6 मार्च तक चलेगा। कथा का समय दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक रखा गया है। कथा सुनने के लिए आस-पास के गांव से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन पहुंच रहे है।

### जिला स्तरीय क्विज स्पर्धा में दुर्गेश्वरी प्रथम



**मैनपुर।** समग्र शिक्षा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अविष्कार अभियान जिला स्तरिय क्विज प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल मैनपुर के कक्षा आठवीं की छात्र कुमारी दुर्गेश्वरी साहू को प्रथम पुरस्कार जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा गरियाबंद से प्राप्त हुआ है। उक्त जानकारी संस्था के प्राचार्य विश्राम नागेश ने देते हुए छात्र के उज्वल भविष्य की कामना की है।

# शोभायात्रा और हवन-पूजन के साथ मानस यज्ञ हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



नगर में चल रहे 9 दिवसीय 72 वे मानस यज्ञ परायण का समापन यज्ञ के पूर्णाहित एवं नगर में भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। महाशिवरात्रि के दिन सुबह से भक्तों की भीड़ यज्ञ स्थल की परिक्रमा करने के लिए पहुंची। भक्त गण परिक्रमा कर मंदिर प्रांगण में स्थित भगवान भोलेनाथ की पूजा के लिए भी भक्तों का ताता दिनभर लगा रहा। समापन दिवस में 4 बटुकों का विधि विधान से उपनयन संस्कार किया गया एवं दीक्षा दिया गया। पश्चात यज्ञ की पूर्णाहुति में बड़ी संख्या में नगर के माताओं - बहनों एवं सभी वर्ग के लोग शामिल हुए।रामायण की चौपाइयों के साथ आचार्य यज्ञेश प्रसाद पांडेय के द्वारा विधिवत यज्ञ एवं पूर्णाहुति प्रदान की गई। मुख्य यजमान मोहन लाल साहू सपत्नीक लक्ष्मी साहू, समिति के अध्यक्ष पूर्व विधायक ओंकार शाह, उपाध्यक्ष यशपेंद्र शाह, कोषाध्यक्ष बिसेसर दिवान, सचिव बजरंग पांडे, सचिव शीतल ध्रुव, झांकी प्रभारी लिखन कंवर, मिथलेश सिन्हा, संयोजक नथमल शर्मा मंत्री लखन तिवारी टंकेश्वर देवांगन। पाठक के रुप में शिवदयाल, टंकेश्वर देवांगन, प्रभु लाल सिन्हा, पतिराम, ईतराम साहू, तिलकराम तारक, खम्भन साहू, पतिराम विश्वकर्मा, सीताराम, सुधा शर्मा, रीना यादव, भारती दीवान, ठगनी बाई तथा विप्रगण के रुप में हरीश शर्मा, एकलव्य शर्मा, रोशन शर्मा, संतोष मेहता, अखिलेश पांडेय, मेशनंदन, पांडे भोला पांडेय, केआर सिन्हा, संतराम कुमार ध्रुव, सुभाष बैगा, धरमसिंग, अर्जुन्धनंजय सिन्हा, निखिल साहू, ईश्वरलाल सिन्हा, ललित साहू, अखिल चौबे, नीरज नायक, ललित राठौर, यश सिन्हा, शिवप्रसाद, मनहरण पटेल, विनोद देवांगन, ललित वर्मा एवं शिक्षा मानस परिवार, शिव शक्ती महिला मंडली, आदर्श महिला मंडली, नगर के व्यापारी गण, युवा साथी, भक्तगण पूर्णाहुति में शामिल थे।

### शिशु मृत्यु दर को कम करने दिया प्रशिक्षण

**गरियाबंद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का एक प्रमुख उद्देश्य शिशु मृत्यु दर को कम करना है। भारत में विभिन्न कारणों से प्रति वर्ष लाखों बच्चे काल के गाल में समा जाते है। शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए सुविधा आधारित नवजात शिशु देखभाल इकाईयों को मजबूत करने, घर आधारित नवजात शिशु देखभाल कार्यक्रम की निगरानी और बाल स्वास्थ्य देखभाल की गुणवत्ता में सुधार के लिए लगातार विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गार्गी यदु पाल एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञ युनिसेफ डॉ. गजेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम अंतर्गत गत दिवस जिले के चिकित्सा अधिकारियों, ग्रामीण चिकित्सा सहायक, स्टॉफ नर्स, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों के लिए एक दिवसीय सीडीआर (चाइल्ड डेथ रिव्यू) प्रशिक्षण का आयोजन जिला पंचायत सभागार में किया गया।

### जिले में बोर्ड परीक्षाओं के लिए बनाएं गए 68 केंद्र

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा 2024 - 25 की परीक्षाएं शनिवार 1 मार्च से प्रारंभ हो रही हैं। परीक्षाएं प्रतिदिन सुबह 9:00 बजे से 12:00 बजे तक होंगी तथा 28 मार्च तक जारी रहेगी। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने परीक्षा में सम्मिलित हो रहे छात्र-छात्राओं को अच्छे प्रदर्शन व सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि सभी छात्र -छात्राएं तनावमुक्त होकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें तथा सभी विषय शिक्षक निरंतर संपर्क में रहकर उनका मार्गदर्शन लेते रहें। जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत ने बताया की बोर्ड परीक्षाओं के लिए जिले में 68 परीक्षा केंद्र बनाएं गए हैं, तथा बोर्ड से प्राप्त प्रश्नपत्र कड़ी सुरक्षा में जिले के नजदीकी पुलिस थानों व चौकियों मे रखें गए हैं, परीक्षा दिवस को संबंधित विषय के पेपर केन्द्राध्यक्ष पुलिस अभिरक्षा में केंद्र लेकर आएंगे तथा परीक्षा उपरांत पुनः थाने में जमा करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा निरीक्षण के लिए राजस्व अधिकारियों को जवाबदारी तथा उड़न दस्ता टीम बनाई गई है। गौरव गरियाबंद अभियान के नोडल श्री श्याम चंद्राकर एवं श्री मनोज केला ने बताया की बैठक के माध्यम से सभी केंद्राध्यक्ष को बोर्ड के दिशा-निर्देशों से अवगत करा दिया गया है।

# कोमा सब स्टेशन में लगा 220 एमवीए का पावर ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

कोमा में नए 220/132 केवी अतिउच्चदाब उपकेंद्र का शुभारंभ महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर किया गया। बता दें कि इस क्षेत्र में रबी फसल के समय लगातार लो वोल्टेज की समस्या रहती थी इस उपकेंद्र के निर्माण के बाद सतत गुणवत्तापूर्ण विद्युत व्यवस्था प्राप्त होगी। यह जानकारी देते हुए विभाग के कार्यपालन अभियंता शिव गुप्ता ने बताया कि इस क्षेत्र के लोगों को दूरस्थ 220/132 केवी उच्चदाब उपकेंद्र परसवानी से 132/33 केवी उपकेंद्र कोमा को विद्युत आपूर्ति प्राप्त हो रहा था जिसके कारण दूरी व लोडेड होने के कारण विद्युत व्यवधान व लो वोल्टेज की समस्या हमेशा रहती थी। बताया कि सीएम विष्णुदेव साय के मंशानुरूप क्षेत्र के किसानो व उपभोक्ताओं को इस समस्या से निजात दिलाने हेतु यह कार्य विद्युत कंपनी द्वारा प्राथमिकता में लिए जाकर राजेश शुक्ला प्रबंध निदेशक के कुशल मार्गदर्शन में 220 केवी लाइनों के विस्तार में आने वाले विषम परिस्थितियों यथा रीवर क्रांसिंग, रेल्वे क्रासिंग, नेशनल हाइवे क्रासिंग व क्षेत्र में लिए जाने वाले रबी व खरीफ फसल होने के बावजूद रिकार्ड 9 महिने में पावर ट्रांसमिशन कंपनी व वितरण कंपनी के सहयोग से क्षेत्र के रबी फसल के समय किसानों को लो वोल्टेज से निजात दिलाने के लिए निर्माण पूर्ण कर उपकेंद्र को उर्जित कर दिया गया है।

- क्षेत्र के लोगों को लाइन कट की समस्या से मिलेगी निजात



### 1 लाख उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

220 / 132 केवी नए उपकेंद्र के निर्माण से न केवल राजिम क्षेत्र बल्कि परसवानी, सरायपाली, गुरूर, उपकेंद्र महासमुंद, मगरलोड, कुरूद व गरियाबंद के क्षेत्रो को भी लोड शिफ्ट होने से रिलीव का फायदा उपभोक्ताओं को मिलेगा। बताया कि उपकेंद्र के निर्माण से राजिम क्षेत्र के साथ- साथ फिंगेश्वर, कौंदकेरा,बासीन, पसौद, जामगांव, किरवई, कोपरा, लोहरसी, भेंडरी, नवापारा, मानिकचौरी, पांडुका, गरियाबंद, छुरा, मड़ेली, भेण्डरी, हसदा, नवागांव, खिसोरा आदि के 1 लाख उपभोक्ताओं, किसान तथा क्षेत्र के उच्चदाब विद्युल उपभोक्ता को निर्वाद रूप से गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति होगी।


online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री,
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 29 मई से 06 जून 2025, 09 जून से 17 जून 2025
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411



स्वामी जी 93406-38884
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
29 अप्रैल 2025
10 मई 2025
23 मई 2025
02 जून 2025
29 अगस्त 2025
10 सितंबर 2025
15 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-22,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)



प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ्रोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport













प्रस्तुति : यशवंत यादव, कृष्णा एड एजेंसी (संवाददाता) - छुरा, मो. 9893464850

# युवाओं की नई सोच और सजगता से ही समाज व देश आगे बढ़ सकता है : इंद्रजीत

## शिक्षा को आगे बढाने और युवाओं को प्रोत्साहित करने समाज को आगे आना होगा : शिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज 14 पाली सर्कल जमाही बुढादेव मंदिर में वार्षिक सामाजिक कार्यक्रम महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जलाअभिषेक का आयोजन बुधवार को किया गया।आदिवासी समाज की सामाजिक परंपरा अनुसार प्रथम सोपान में पंच मांगलिक की अगुवानी में बूढ़ादेव की शोभायात्रा जमाही ग्राम में भ्रमण किया गया। कलशयात्रा पहुंचने पर मुख्यद्वार में अतिथियों ने स्वागत एवं प्रार्थना के साथ कलश स्थापना, आरती से शुभारंभ हुआ। मुख्यमंच पर पगड़ी पहनाकर, मोमेंटो भेंटकर सम्मान किया, कार्यक्रम के मुख्यातिथि जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र 3 इंदरजीत महाडिक, अध्यक्षता आदिवासी समाजिक नेत्री शिला ठाकुर थी। विशिष्ट अतिथि ध्रव समाज के पदाधिकारी थे। अध्यक्षता कर रही समाजिक आदिवासी नेत्री शिला ठाकुर ने कहा की बुढा देव मंदिर सर्कल जमाही प्रति वर्ष महाशिवरात्रि मनाते आ रहे हैं। इस अवसर पर बुढ़ादेव की असिम कृपा से दर्शन करने का सौभाग्य मिलती है, मै प्रतिवर्ष इस वार्षिक उत्सव शामिल होने की अभिलाषा रखती हूं। शीला ठाकुर ने आगे कहा की ध्रुव गोंड समाज के वार्षिक सम्मेलन में सामाजिक एकता पर जोर दिया जाता है। इस अवसर में समाज की प्रगति के लिए समाज की रीति नीति शिक्षा पर भी चर्चा की। कहा की शिक्षा को आगे बढ़ाने और युवाओं को प्रोत्साहित करने समाज को आगे आने की बात कही है। समाज के युवाओं को उनके उत्कृष्ट गतिविधियों को प्रोत्साहित करते रहना चाहिए, जिससे यही युवा समाज परिवार को अपने होनर से गौरवान्वित करगें।

### ध्रुव गोंड़ समाज के युवकों का योगदान अहम्

मुख्याति जिला पंचायत सदस्य इन्द्रजीत महाडिक ने युवाओं पर फोकस करते कहा कि ध्रुव गोंड



समाज में युवाओं का योगदान समाज के विकास में अहम है। युवाओं की नई सोच और सजगता से ही समाज और देश आगे बढ़ सकता है। इससे पहले मुख्यतिथि का कार्यक्रम स्थल पहूंचने पर अतिथीयो का बाजा फटाका फोडकर माला पहनाकर स्वागत करते मुख्य मंदिर बुढ़ादेव गर्भ गृह में प्रवेश कराया। वहां समाज के साथ इंद्रजीत महाडिक, शिला ठाकुर ने विधिवत पूजाकर जलाभिषेख किया और ध्रव समाज एवं क्षेत्र के आमजनों की सुख समृद्ध की कामना की। वहीं गोडी परम्परा से समाज पुरोहित उमेश ध्रुव द्वारा पूजा हवन किया।

### महाशिवरात्रि पर की भव्य और शानदार आरती





**छुरा।** ग्राम टोनही डबरी के टंकेश्वर महादेव में मिश्रा परिवार सहित ग्रामीण एवं भक्तजनों की उपस्थिति में महाशिवरात्रि पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह भोलेनाथ सहित पूरे मंदिर को सजाया गया। टकेश्वर महादेव के शिवलिंग को फूलों से दूल्हा बनाया गया और पूरे मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया। साथ ही सवा लाख बत्ती के साथ महादेव की आरती की गई।

# प्रतिभाओं की कमी नहीं, सही मंच की जरूरत : लोकेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के वन विभाग परिसर में दो दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन पैरी क्लब मैनपुर द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में भारी उत्साह देखने को मिला। देर रात 12 बजे तक कबड्डी प्रतियोगिता मे सैकड़ों लोगों की भीड़ लगी रही। कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम एवं मैनपुर सरपंच हनीता नायक, मैनपुर कला सरपंच गज्जू नेगी एवं वरिष्ठ व्यापारी गफ्फू मेमन द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में आठ टीमों ने भाग लिया। जिसमें फाइनल मैच बजरंगी फाईटर्स एवं भोला फाईटर्स के बीच खेला गया। फाईनल मैच बजरंगी फाईटर्स ने जीत कर प्रथम पुरस्कार 20 हजार रुपए एवं ट्राफी प्राप्त की। द्वितीय पुरस्कार भोला फाईटर्स को 12 हजार रुपए



एवं ट्राफी, तृतीय पुरस्कार सुरज फाईटर्स को 6 हजार एवं चतुर्थ पुरस्कार केएस पैंथर्स को 5 हजार एवं ट्राफी प्रदान किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने कहा की मैनपुर क्षेत्र के युवाओं द्वारा प्राचीन खेल प्रतियोगिता को आगे बढ़ाने के लिए यह जो प्रयास किया गया है निश्चित रूप से इसका बेहतर परिणाम सामने आयेगा। जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने भी खिलाड़ियों का मनोबल बढाते हुए उन्हे शुभकामनाएं दी। इस दौरान प्रमुख रूप से व्यापारी गफ्फू मेमन, पैरी कबड्डी क्लब के अध्यक्ष नोहर निर्मलकर, उपाध्यक्ष खिलेश्वर दिवान, सचिव गोपाल नागेश, नीरज विश्वकर्मा, पूरन नेगी, नरेश, मनीश, लोकेश, निकेश दिवान, सुफल नागेश, भरत वि"वकर्मा, रूपेश, नोकेलाल, खगेश्वर, मुकुंन्द, हुलार सिंह ठाकुर, हरिश्वर पटेल, शेख शरीफ रजा, राहुल यादव, राजू सोनी, गोविन्द पटेल, नारद पटेल, सुशील राजपुत, सुरज राव, शाहिद मेमन, अयुब मेमन, संतोश ध्रुव, प्रीत निशाद, गुलशन साहू, आसीम मेमन, आसिफ मेमन, शेख ईमामुद्यीन, चुरामन, कुनाल ठाकुर, गुलाम रसूल, निखिल जगत, लोकेन्द्र नागेश महेन्द्र ध्रुव, ईश्वर, जोगेन्दर सहित सैकड़ो की संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे। पूरे कबड्डी प्रतियोगिता में कमेन्ट्रेटर नारद पटेल, अम्पायर अयुब मेमन, संतोश ध्रुव द्वारा आकर्षक ढंग से किया गया।




# ज्ञान का दान है सर्वश्रेष्ठ दान : नारायण निषाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

सेवा निवृत प्राचार्य नारायण निषाद अपने विदाई समारोह के भावुक क्षण पर कहा ज्ञानदान से बढ़कर संसार में कोई दान नहीं है। जिसे ज्ञान प्राप्त होता है; उसका जीवन कृतार्थ हो जाता है। धन अथवा साधन, इसे देकर किसी का उतना उपकार नहीं किया जा सकता, जितना कि ज्ञान देकर। किसी से धन की सहायता पाकर कोई मनुष्य मात्र अपना विकास कर सकता है, संसाधन व रोजगार बढ़ा सकता है। तब भी ज्ञान के अभाव में धन उसको वांछित सुख नहीं दे सकता, जिसकी मानव जीवन में अपेक्षा की जाती है। वह शाश्वत सुख तो केवल ज्ञान से ही प्राप्त हो सकता है, जिसको पाकर आत्मा संतुष्ट हो जाती है। इसलिए शिक्षा के महत्व को समझे। आगे कहा की भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है कि द्रव्ययज्ञ से ज्ञानयज्ञ श्रेष्ठ है, क्योंकि जितने भी कर्म हैं, वे सब ज्ञान में समाप्त होते हैं। ज्ञानदान सर्वोपरि पुण्यकार्य है। उन्होंने कहा विशेष कर छुईहा और आसपास के छात्र, पालक, स्कूल स्टाप एवं संकुल स्टाप का भरपूर सहयोग व सम्मान परिवार जैसे महौल मिला। मै कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं, यहां बिते हुए एक- एक क्षण मेरे जीवन यादगार पल है। शासकीय हायर सेकण्ड्री स्कूल छुईहा के प्राचार्य नारायण निषाद का सेवा निवृत होने पर शाला प्रबंधन, स्कूल स्टाप, ग्रामवासी के तत्वाधान मे मंगलवार को स्कूल परिषर में विदाई समारोह रखा गया। उक्त कार्यक्रम मे सेवा निवृत प्राचार्य के साथ गुरु माता गुरूमाता हेमिन निषाद, खेमराज पुत्र, विद्या निषाद बहू, किरण बेटी, पुरन निषाद दामाद, नंदकुमार भाई, तीरथ भाई, भोज भाई, भागवत निषाद, सरिता निषाद, खुम लता निषाद उनके पूरे परिवार सस्मान विशेष आंमत्रित पर मंच पर उपस्थित थे। जिसका मंच में सम्मान किया गया। मंच संचालक एमके ध्रव ने प्राचार्य नारायण निषाद के विगत 8 वर्ष के योगदान को सबके समक्ष बखान किया।

■ छुईहा स्कूल प्राचार्य की सेवानिवृत पर दी गई विदाई

# बैंक आफ बड़ौदा के मैनेजर ने महिला मित्रों का किया सम्मान



**छुरा।** बैंक आफ बड़ौदा द्वारा बैंक महिला मित्रों को बैंक संबंधी लेन देन में अपनी महती भूमिका निभाने पर बैंक आफ बड़ौदा के मैनेजर सोवित दास द्वारा बैंक महिला मित्र गायत्री दुबे, भारती ध्रुव, यशोदा बंजारे, समारी ध्रुव, प्रभा साहू, दीपा साहू, को शील्ड के साथ उपहार देकर सम्मानित किया गया। बैंक आफ बड़ौदा के बैंक मैनेजर सोवित दास ने बताया की बैंक महिला मित्र द्वारा बैंक सबंधी कार्य के साथ अंचल की महिला स्वसहायता समूहों को लोन प्रदान करवाने में महती भूमिका निभा रही है। महिला मित्रों के द्वारा पूरी निष्ठा और लगन के साथ कार्य करने से बैंक से लोन, खाता खोलने, पैसा निकालने के साथ पैसा जमा संबंधी कार्य आसानी से निपट रहे हैं। जिस काम के लिए पहले समय लगता था। बैंक महिला मित्रों द्वारा बैंक में आने वाले बुजुर्ग लोगों का फार्म भरने के साथ विड्राल फार्म भरने के साथ पैसा निकलने में उनकी मदद कर रही हैं जिससे लोगों का काम आसान हो रहा है। इस अवसर पर जनरल मैनेजर रंजन कुमार, हेड कैशियर चेतन निर्मलकर, कैशियर नरेन्द्र बंजारे, भावेश यादव, दुर्गा साहू, सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## निधन


### निर्भय प्रसाद पांडे




**मैनपुर।** मैनपुर चिहरापारा निवासी एवं आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के सेवानिवृत्ति लेखापाल निर्भय प्रसाद पांडे का शुक्रवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### कार की टक्कर से बाइक में सवार दंपत्ति घायल

**महासमुंद।** बाइक से सरायपाली जा रहे एक दंपत्ति कार की टक्कर से घायल हो गए। मामला बसना थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि मुरलीधर साहू निवासी लमकेनी 8 फरवरी को अपनी पत्नी राजकुमारी साहू का इलाज कराने अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीएल 6128 से सरायपाली अस्पताल जाने के लिए निकला था। करीब 11 बजे ग्राम तोषगांव से अंतरला जाने के मार्ग में पोल्ट्री फार्म के पास पहुंचने पर पीछे की ओर से आ रहे कार क्रमांक सीजी 04 जेसी 1671 के चालक अक्षय यादव निवासी ग्राम नवागांव थाना बसना ने अपने वाहन को उपेक्षापूर्ण एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया।









संकलनकर्ता- भागीरथी सिन्हा, हरिभूमि संवाददाता छुईहा, मो. 9589469068